जनपद हमीरपुर

प्रेसनोट

दिनांक 17.04.2026

## अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा डायल 112 के कर्मचारीगणों को उनके दायित्वों के प्रभावी निर्वहन हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन के सम्बन्ध में-

आज दिनांक 17.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा डायल 112 के कर्मचारीगणों को उनके दायित्वों के प्रभावी निर्वहन हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्मचारीगणों को घटना स्थल पर सर्वप्रथम पहुंचने पर अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। घटना स्थल को सुरक्षित रखने, अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने, साक्ष्यों के संरक्षण एवं उनके छेड़छाड़ से बचाव के उपायों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने, घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने तथा संबंधित थाने/वरिष्ठ अधिकारियों को समय से सूचना देने के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण में फोटो एवं वीडियो ग्राफी के महत्व को भी विस्तार से समझाया गया, जिससे घटनास्थल की वास्तविक स्थिति का सटीक दस्तावेजीकरण किया जा सके और विवेचना में सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त आधुनिक उपकरणों के समुचित उपयोग, संचार प्रणाली के बेहतर समन्वय तथा टीमवर्क के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। सभी कर्मचारीगणों को निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षण में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें, जिससे आमजन को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण पुलिस सहायता सुनिश्चित की जा सके।

इस मौके पर डायल 112 प्रभारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।